DNYANESHWAR M. MULAY
SECRETARY (CPV & OIA)
Tel: 24674143 / 24674144
Fax: 24674140
e-mail: secyoia@mea.gov.in

सत्यमेव जयते

विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
NEW DELHI

901, Akbar Bhavan, Chanakyapuri
New Delhi-110021.

संदेश

जैसा कि आप सभी को ज्ञात है हिन्दी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह पूरे विश्व में लगभग आधा अरब लोगों द्वारा बोली जाती है। देश की विशाल जनसंख्या की लोक भाषा होने के कारण इसमें जीवन के विभिन्न आयामों एवं भावनाओं का चित्रण करने वाले लोक गीतों, धार्मिक भजन गीतों, फिल्मी गानों, आदि के रूप में हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत समाहित है।

यू एस ए के बाहर पहली बार भारत में इस चौथे अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन के आयोजन का महत्व बढ़ जाता है जब भारत सरकार हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र की अधिकारिक भाषा बनाने का भरसक प्रयास कर रही है और पूरे विश्व में हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रही है। विश्व के विभिन्न भागों से यहां पर उपस्थित प्रख्यात विद्वान, लेखक, कवि एवं छात्र निस्संदेह इसे आगे बढ़ाएंगे।

मैं भारत में इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन में लोकनायक फाउंडेशन एवं जीआईटीएएम विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करता हूँ। मेरी ओर से उनके भावी प्रयासों के लिए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(ज्ञानेश्वर एम. मुले)

नई दिल्ली
29 दिसंबर, 2016